कार्यालयः उ0प्र0 लोक सेवा आयोग,
संख्या-1469/05/ई-4/आरओ-एआरओ-16/2020-21 T.C
प्रयागराजः दिनांक 04 जून, 2021

## विस्तृत-विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या-ए-3/ई-1/2016 द्वारा विज्ञापित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (सामान्य चयन/विशेष चयन) मुख्य परीक्षा-2016 का अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जा चुका हैं। उक्त पद पर औपबन्धिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र एवं शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन (मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों से) दिनांक 22.04.2021 से 24.04.2021 के मध्य कराया जाना प्रस्तावित था जो कि कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम के दृष्टिगत् विज्ञप्ति सं0-1468/05/ई-4/आरओ-एआरओ-16/2020-21 दिनांक 20 अप्रैल 2021 के द्वारा स्थगित कर दिया गया था। अब उक्त अभिलेख सत्यापन का कार्यक्रम दिनांक 28.06.2021 से 30.06.2021 के मध्य कराया जाना प्रस्तावित है। अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु निम्नवत् कार्यक्रम निर्धारित किया गया हैः-

**सत्यापन-कार्यक्रम**

| क्र.सं. | पद का नाम | दिनांक | समय | चयन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | समीक्षा अधिकारी (सचिवालय) | 28.06.2021 | प्रातः 10.00 बजे | 001 से 050 तक |
| | | | अपरान्ह 1.00 बजे | 051 से 100 तक |
| | | 29.06.2021 | प्रातः 10.00 बजे | 101 से 150 तक |
| | | | अपरान्ह 1.00 बजे | 151 से 185 तक |
| 02 | समीक्षा अधिकारी (मुख्य निर्वाचन आयुक्त), समीक्षा अधिकारी (लो0से0आ0), समीक्षा अधिकारी (लेखा) (सचिवालय) | 30.06.2021 | प्रातः 10.00 बजे | समस्त चयनित अभ्यर्थी |
| 03 | सहायक समीक्षा अधिकारी (राजस्व परिषद), सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य निर्वाचन आयुक्त), सहायक समीक्षा अधिकारी (लो0से0आ0), सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) (सचिवालय) | 30.06.2021 | अपरान्हः 01.00 बजे | समस्त चयनित अभ्यर्थी |

2- उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्न निर्देशों का ध्यान रखना आवश्यक होगाः-

(क) अभिलेख सत्यापन हेतु बुलाये गये समस्त अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से कोविड–19 की निगेटिव जांच ( R.T- P.C.R/Antigen) रिपोर्ट जो कि निगेटिव हो के साथ ही अभिलेख सत्यापन हेतु प्रस्तुत होना है। जिसकी जांच गेट न0–2 पर की जायेगी। उक्त के अभाव में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(ख) अभ्यर्थीगण निर्धारित तिथि एवं समय पर मास्क पहनकर ही आयोग में उपस्थित हो एवं अपने साथ वांछित अभिलेखों की मूल एवं छाया प्रति के अतिरिक्त कोई भी सामान यथा बैग, ब्रीफकेश इत्यादि न लायें।

(ग) अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे कोविड–19 की रोक थाम हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें।

(घ) आयोग के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों को हैण्डवास एवं सेनेटाइजर उपलब्ध कराया जायेगा। हैण्डवास एवं सेनेटाइजर का उपयोग करने एवं थर्मल स्कैनिंग कराने के उपरान्त ही आयोग परिसर में प्रवेश करेगें।

3– अभ्यर्थीगण आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर "Selected candidates can click here to download filled form set of SAMIKSHA ADHIKARI/SAHAYAK SAMIKSHA ADHIKARI ETC (GENERAL/SPECIAL RECTT.) EXAMINATION-2016 for document verification" पर Click करके अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं अन्य वांछित सूचनाएं Submit करके पूर्व में भरे गये आनलाइन फार्म सेट (आवेदन–पत्र, प्रमाणी करण प्रपत्र, देशना प्रपत्र, अंक तालिका विवरण) को मुद्रित करके उसके साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों का दो सेट तैयार कर उस फार्म सेट के प्रत्येक पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित फोटो की दो प्रति तथा दो आवक्ष सादी फोटो अर्थात कुल 04 फोटो सहित **नियत तिथि एवं समय पर ही उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के गेट नं0–2 से परिसर स्थित "सरस्वती भवन" में पहुँचना सुनिश्चित करें।** सत्यापन के समय शैक्षिक अर्हताओं से सम्बन्धित समस्त अंकतालिकाओं (प्रत्येक वर्ष की)/उपाधि, डिप्लोमा एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां भी अपने साथ अवश्य लायें। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को सत्यापन के समय निम्नलिखित मूल प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा–

(क) उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थी को पिता पक्ष से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र ।

(ख) उ0प्र0 के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दावे के समर्थन में (वेबसाइट पर उपलब्ध) निर्धारित नवीनतम प्रारूप पर जारी किया गया प्रमाण–पत्र तथा उक्त से साथ सामान्य निवास प्रमाण पत्र भी लायें।

(ग) केन्द्र अथवा राज्य सरकार मे कार्यरत अभ्यर्थी को सेवायोजक/सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

**विशेषः**– (1) वांछित मूल प्रमाण–पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(2) अभ्यर्थीगण उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर ही शैक्षिक अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित हो।

(अरविंद कुमार मिश्र )
परीक्षा नियंत्रक।